समाचार

01 करोड़ 87 लाख रू. के नवीन कार्यो का होगा शुभारंभ

(26 अगस्त को महापौर एवं नगर विधायक करेंगे भूमिपूजन)

कोरबा —नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा जोन के विभिन्न वार्डो में 01 करोड़ 87 लाख रूपये के नए विकास कार्यो का शुभारंभ किया जाएगा। 26 अगस्त को प्रातः 11 बजे से महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल इन विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन कर कार्यो का श्रीगणेश कराएंगे।

निगम के सहायक अभियंता श्री डी.सी.सोनकर ने बताया कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा में 70 लाख रूपये की लागत से स्कूल भवन का विस्तार कार्य, वार्ड क्र. 04 के ब्राम्हण मोहल्ला से शिव चौक तक 19 लाख 84 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला एवं पेविंग निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 04 पूर्व पार्षद के घर के दायें साईड 20 लाख रूपये की लागत से नाली एवं पेविंग का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 12 अमरैयापारा में 19 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला एवं पेविंग निर्माण, वार्ड क्र. 03 में 37 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड क्र. 07 स्थित गोकुलगंज से कुष्ठ आश्रम तक 20 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला एवं पेविंग कलवर्ट का निर्माण कार्य कराया जाना है। उन्होने बताया कि इन सभी कार्यो का भूमिपूजन 26 अगस्त को प्रातः 11 बजे से इन वार्डो में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया जाएगा। भूमिपूजन का पहला कार्यक्रम वार्ड क्र. 04 स्थित प्राथमिक शाला के समीप आयोजित किया गया है, तत्पश्चात वार्ड क्र. 07 गोकुलगंज में भूमिपूजन कार्यक्रम होगा, इसके बाद अन्य वार्डो में कार्यो हेतु भूमिपूजन किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, वार्डो के पार्षदगण, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)